# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)

राजस्व आवेदन सं. 233 / 2025

अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. खेताराम पुत्र सगराराम जाति जाट, निवासी भाड़ा, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर। | | 1. खुमाराम पुत्र अलसाराम 2. खेराज पुत्र अलसाराम 3. चिमनाराम पुत्र अलसाराम 4. बगाराम पुत्र अलसाराम 5. सुखराम पुत्र अलसाराम जाति जाट, निवासी एकल तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर 6. खेतु पुत्री सगराराम 7. देवू पत्नी सगराराम 8. देवाराम पुत्र सगराराम 9. राधा पुत्री सगराराम 10. लक्ष्मी पुत्री सगराराम 11. शांति पुत्री सगराराम 12. अणसी पत्नी मेघाराम 13. गोविन्द चौधरी पुत्र मेघाराम 14. वासुदेवी चौधरी मेघाराम 15. अमराराम पुत्र शेराराम 16. नारायणराम पुत्र शेराराम 17. पेमीदेवी पत्नी शेराराम 18. मंगलाराम पुत्र शेराराम 19. लाखाराम पुत्र शेराराम 20. खीयाराम पुत्र देराजराम 21. दुर्गाराम पुत्र देराजराम 22. धीराराम पुत्र देराजराम 23. नेनूदेवी पत्नी देराजराम 24. वगताराम पुत्र देराजराम 25. गंगाराम पुत्र राजूराम 26. लिखमाराम पुत्र राजूराम 27. चुनाराम पुत्र सोनाराम 28. हुरमी पत्नी सोनाराम 29. अणदा पुत्र जेठा 30. केशा पुत्र पुरखा 31. दीपा पुत्र पुरखा 32. मला पुत्र पुरखा 33. हुकमा पुत्र पुरखा 34. खेतु पुत्री भोजा 35. जीयो पुत्री भोजा 36. थानी पुत्री भोजा 37. छेवाराम पुत्र भोजा 38. धुड़ी पुत्री भोजा 39. पारू पुत्री भोजा 40. मेघाराम पुत्र भोजा 41. रूपो पुत्री भोजा 42. सिंगारी पत्नी धर्मा जाति जाट, निवासी भाड़ा तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर। 43. तहसीलदार सेड़वा। |

**उपस्थित :प्रार्थी वकील –श्री दोष मोहमद**

विप्रार्थी संख्या 1 से 42 के वकील– **श्री श्रीराम विश्नोई**

**–: निर्णय :–**

दिनांकः– 11.11.2025

प्रार्थी खेताराम पुत्र सगराराम जाति जाट निवासी भाड़ा तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर प्रार्थी तथा विप्रार्थीगण संख्या 1 से 42 तक की संयुक्त खातेदारी के खेत [illegible] पटवार हल्का एकल भू अभिलेख नि0 क्षेत्र अरटी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा [illegible] 370 / 262 रकबा 3.6017 हैक्टैयर, खसरा संख्या 372 / 262 रकबा 4.8481 हैक्टेयर किस्म बा0सोयम व खसरा संख्या 481 रकबा 1.0603 हैक्टेयर किस्म बा0सोयम व मौजा रामदेरिया पश्चिम पटवार हल्का एकल भू. अभिलेख नि0

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:29:02 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

क्षेत्र अरटी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 328/119 रकबा 10.9022 हैक्टेयर किस्म बा0सोयम, व मौजा भाम्भुओ का तला पटवार हल्का सारला भू.अभिलेख नि0 क्षेत्र सारला तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 627/194 रकबा 22.8242 हैक्टेयर किस्म बा0दोयम, भूमि आयी हुई है। प्रार्थी के पिता सगराराम के फौत होने पर हल्का पटवारी एकल व सारला के द्वारा नामान्तरकरण पारित करवाया गया जिसमें प्रार्थी के पक्ष में नामान्तरणकरण संख्या 9903 दिनांक 15.07.2023 को पारित किया गया था जिसमें भुलवंश प्रार्थी के नाम खेताराम पुत्र सगराराम के स्थान पर हरीश पुत्र सगराराम अंकित कर दिया गया हैं। प्रार्थी अनपढ व्यक्ति था जिसे अपने जीवनकाल में अपनी जोत में नाम गलत होने की जानकारी नहीं रही प्रार्थी को अपना नाम गलत होने की जानकारी नहीं थी। जब प्रार्थी को अपने खेत की खतौनी की आवश्यकता होने पर हल्का पटवारी से जमाबंदी प्राप्त की तो जमाबंदी में प्रार्थी का नाम गलत होने की जानकारी हुई। प्रार्थी का नाम खेताराम पुत्र सगराराम है। लेकिन भुलवंश राजस्व अधिकारीयो द्वारा राजस्व रेकर्ड में नाम हरीश पुत्र सगराराम अंकित कर दिया है लेकिन प्रार्थी अपना नाम वास्तविक नाम खेताराम पुत्र सगराराम है तथा आधार कार्ड, मतदान परिचय पत्र, तथा राशन कार्ड व अन्य समस्त राजकीय दस्तावेजात में प्रार्थी का नाम खेताराम पुत्र सगराराम है। प्रार्थी का नाम राजस्व रेकर्ड में गलत अंकित होने से प्रार्थी को अपनी भूमि पर कृर्षि ऋण की आवश्यकता होने पर बैंको आदि में आवेदन करने पर कठीनाईयो का सामना करना पड़ता है। इससे प्रार्थी को अपने हकूको पर भारी कुठाराघात होने की सम्भावना है इसलिए प्रार्थी का नाम को दुरूस्त करवाने का अधिकारी है। प्रार्थी को खेत मौजा भाड़ा पटवार हल्का एकल भू.अभिलेख नि. क्षेत्र अरटी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 370/262 रकबा 3.6017 हैक्टेयर, खसरा संख्या 372/262 रकबा 4.8481 हैक्टैयर किस्म बा0सोयम व खसरा संख्या 481/33 रकबा 1.0603 हैक्टेयर, किस्म बा0सोयम व मौजा रामदेरिया पश्चिम पटवार हल्का एकल भू.अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र अरटी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 328/119 रकबा 10.9022 हैक्टेयर किस्म बा0सोयम व मौजा भाम्भुओ का तला पटवार हल्का सारला भू.अभिलेख निरीक्षक सारला तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 627/194 रकबा 22.8242 हैक्टेयर किस्म बा0दोयम भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम हरीश पुत्र सगराराम के स्थान पर खेताराम पुत्र सगराराम करने का आदेश फरमाया जावें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:29:02 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को नोटिस तलब किए। विप्रार्थीगण संख्या 01 से 42 के की ओर से अधिवक्ता श्री श्रीराम विश्नोई ने वकालतनामा पेश किया, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। हस्तगत प्रकरण में तहसीलदार सेड़वा से न्यायालय के आदेश क्रमांक कोर्ट/2025/1775 दिनांक 28.08.2025 द्वारा तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन के लिए लिखा गया। कार्यालय तहसीलदार

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

...के पत्रांकः भू.अ./2025/1041 दिनांक 29.09.2025 द्वारा न्यायालय को तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन **पटवार मण्डल एकल के ''राजस्व ग्राम भाड़ा के खसरा संख्या 370/262 रकबा 3.6017 हैक्टैयर, खसरा संख्या 372/262 रकबा 4.8481 हैक्टैयर, 481/33 रकबा 1.0603 हैक्टेयर तथा ग्राम रामदेरिया पश्चिम के खसरा संख्या 328/119 रकबा 10.9022 हैक्टेयर में प्रार्थी खेताराम पुत्र सगराराम कौम जाट का नाम हरीश पुत्र सगराराम कौम जाट नाम दर्ज है। उक्त नाम जरिये विरासत नामान्तरण से प्रार्थी का नाम दर्ज हुआ था मौके पर उपस्थित प्रार्थी एवं मौतबरानों को पूछताछ में बताया कि प्रार्थी खेताराम का बचपन का नाम हरीश है जबकि प्रार्थी के साक्ष्य दस्तावेज आधार कार्ड 228141238482** अंकतालिका **कक्षा 10वीं व अन्य दस्तावेज में खेताराम पुत्र सगराराम दर्ज है। प्रार्थी द्वारा खेताराम नाम सही होने का शपथ पत्र संलग्न किया है। हरीश पुत्र सगराराम कौम जाट नाम का अन्य कोई व्यक्ति ग्राम भाडा में निवास नहीं करता है। अतः मौका जांच उपरान्त प्रार्थी का नाम हरीश पुत्र सगराराम के स्थान पर खेताराम पुत्र सगराराम नाम शुद्व किया जाना उचित है। मौका फर्द मौके पर बनाई जाकर उपस्थित के हस्ताक्षर/अ.नि. अंकित करवाए गए।''**

उभयपक्षकारान् अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर उभयपक्षकारान् अधिवक्ता ने बहस की। उभयपक्षकारान् अधिवक्ता ने बहस में तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त मौका रिपोर्ट को स्वीकार किया है। उभयपक्षकारान् अधिवक्ता की बहस पर न्यायालय द्वारा स्वस्थचित्त से मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर न्यायालय द्वारा युक्तियुक्त चिन्तन, मनन तथा विचारण उपरांत, प्रार्थी का प्रार्थना पत्र 233/2025 उनवान खेताराम बनाम खुमाराम वगैरा अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

अतः मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन अनुसार तहसील सेड़वा के खेत मौजा भाड़ा पटवार हल्का एकल भू.अभिलेख नि. क्षेत्र अरटी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 370/262 रकबा 3.6017 हैक्टेयर, खसरा संख्या 372/262 रकबा 4.8481 हैक्टैयर किस्म बा0सोयम व खसरा संख्या 481/33 रकबा 1.0603 हैक्टेयर, किस्म बा0सोयम व मौजा रामदेरिया पश्चिम पटवार हल्का एकल भू.अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र अरटी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 328/119 रकबा 10.9022 हैक्टेयर किस्म बा0सोयम व मौजा भाम्भुओ का तला पटवा[illegible]ारला भू.अभिलेख निरीक्षक सारला तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत खसरा संख्या 637/394 रकबा [illegible]242 हैक्टेयर किस्म बा.सो. की भूमि में उनवान खेताराम बनाम खुमाराम वगैरा जाति जाट साकिन भाडा में नाम दुरुस्त किया जाना उचित है। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों, तथ्यों तथा तहसीलदार सेड़वा के

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:29:02 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

(3)

...त्मक जांच प्रतिवेदन पर युक्तियुक्त विचारण के उपरांत जांच प्रतिवेदन में नाम राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्त करने का आदेश दिया जाता हैं। तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन(पत्रांकः भू.अ. /2025/1041 दिनांक 29.09.2025 के संलग्न मौका जांच प्रतिवेदन दिनांक 11.09.2025 व 22.09.2025, खसरा नक्शा व जमाबंदी अभिलेख आदि) निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार सेड़वा को आदेशित किया जाता है कि वह तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करें। तहरीर जारी हो। पत्रावली संख्या से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 11.11.2025 को खुले इजलास में सुनाया गया।

(बद्रीनारायण, आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:29:02 IST
Reason: SelfAttested

राजस्थान सरकार

# कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) सेडवा बाडमेर

क्रमांक / भू.अ. / 2025 / 1041 दिनांकः– 29.09.2025

प्रेषितः– श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय
सेड़वा (जिला– बाड़मेर)

विषयः– राजस्व वाद संख्या 233 / 2025 अनवान खेताराम बनाम खुमाराम वगैरहा अन्तर्गत RT Act धारा 136 में नाम दुरस्ती की मौका जांच रिपोर्ट पेश करने बाबत।

महोदय जी,

उपरोक्ता विषयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्व वाद संख्या 233 / 2025 अनवान खेताराम बनाम खुमाराम वगैरहा में मौजा भाडा के खसरा नंबर 370 / 262, 372 / 262, 481 / 33 रामदेरिया पश्चिम के खसरा नम्बर 328 / 119, भाम्भुओं का तला के खसरा नम्बर 627 / 194 का अन्तर्गत धारा 136 RT ACT में मौका जांच हेतु आप द्वारा नाम दुरस्ती की मौके की रिपोर्ट चाही थी। जिसकी भू.अ. निरीक्षक सारला और अरटी द्वारा दिनांक 22.09.2025 को मौका जांचकर मौका रिपोर्ट तैयार कर इस पत्रांक के सलंग्न श्रीमान की सेवा में सादर प्रेषित है।

सलंगलः-- उपरोक्तानुसार

भवदीय
(जोताराम मीणा)
तहसीलदार (भू.अ.)सेड़वा

Signature Not Verified
Validity unknown
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:29:02 IST
Reason: SelfAttested

Digitally signed by Jotaram Meena
Designation: Tehsildar
Date: 2025.09.29 13:05:15 IST
Reason: Approved

# मौका फर्द

प्रभारी ...

आज दिनांक 11/09/2025 को श्रीमान तहसीलदार महोदय सेड़वा के आदेश क्रमांक/रा/871-872 दि. 01/09/2025 एवं माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा के राजस्व आवेदन सं. 233/2025 अन्तर्गत खेताराम बनाम खुमाराम वगैरह अन्तर्गत धारा 136 RLR Act में नाम दुरुस्ती की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करने हेतु हल्का पटवारी एकल के साथ मौके पर आये।

मौके पर उपस्थित प्रार्थी खेताराम उर्फ हरीश तथा मौतबिरानो के रूबरू मौका जांच की गई।

पटवार मण्डल एकल के राजस्व ग्राम भाड़ा के खसरा नं. 370/262, रकबा 3.6017 है. ख.नं. 372/262 रकबा 4.8481 है., 481/33 रकबा 1.0603 है. तथा ग्राम रामदेरिया पश्चिम के खसरा नं. 328/119 रकबा 10.9022 है. में प्रार्थी खेताराम पुत्र सगराराम कौम जाट का नाम हरीश पुत्र सगराराम कौम जाट नाम दर्ज है गलत नाम जरिये विरासत नामान्तरण से प्रार्थी का नाम दर्ज हुआ था मौके पर उपस्थित प्रार्थी एवं मौतबिरानो को पूछताछ में बताया कि प्रार्थी खेताराम का बचपन का नाम हरीश है जबकि प्रार्थी के शैक्षिक दस्तावेज आधार कार्ड 2281,4123 8482 अंकतालिका कक्षा 10th व अन्य दस्तावेज में खेताराम पुत्र सगराराम दर्ज है। प्रार्थी द्वारा खेताराम नाम सही होने का शपथ पत्र संलग्न किया है हरीश पुत्र सगराराम कौम जाट नाम का अन्य कोई व्यक्ति ग्राम भाड़ा में निवास नहीं करता है।

अतः मौका जांच उपरान्त प्रार्थी का नाम हरीश पुत्र सगराराम के स्थान पर खेताराम पुत्र सगराराम नाम शुद्ध किया जाना उचित है।

मौका फर्द मौके पर बनाई जाकर उपस्थित लोगो के हस्ताक्षर/अं.नि. अंकित करवाये गये।

नि. खुमाराम

बागाराम

पटवारी (एकल) 11/09/25
पटवारी
पटवार मण्डल .........
तहसील सेड़वा

11/09/2025
ILR अरठी

चौथाराम

लालाराम

देवाराम

चूनाराम

नि. खेताराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:29:02 IST
Reason: SelfAttested

मौका फर्द

आज दिनांक 22/9/25 को श्रीमान तहसीलदार महोदय सेड़वा के आदेश क्रमांक भु.अ./871,872 दिनांक 01.09.2025 एवं माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा के राजस्व आवेदन संख्या 233/2025 अनवान खेताराम बनाम सुखाराम वगैरा अन्तर्गत धारा 136 आर टी आर एक्ट में नाम दुरूस्ती की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करने हेतु हल्का पटवारी पटवार हल्का सारला के साथ मौके पर आये।

मौके पर उपस्थित प्रार्थी खेताराम उर्फ हरिश तथा मौतबिरों के कथन मौका जांच की गई पटवार हल्का सारला के राजस्व ग्राम भाखुओं का तला 627/194 रकबा 22.8242 हैक्टेयर में प्रार्थी खेताराम पुत्र सगाराम कौम जाट का नाम हरिश पुत्र सगाराम कौम जाट नाम दर्ज है उक्त नाम जरिये विरासत नामान्तरण से प्रार्थी का नाम दर्ज हुआ था मौके पर उपस्थित प्रार्थी एवं मौतबिरों को पूछताछ में बताया की प्रार्थी खेताराम का बचपन का नाम हरिश है जबकि प्रार्थी के समस्त दस्तावेज आधार कार्ड 2281,4123,8482, अंक तालीका कक्षा 10th व अन्य दस्तावेज में खेताराम पुत्र सगाराम दर्ज है प्रार्थी द्वारा खेताराम नाम सही होने का शपथपत्र संलग्न किया है हरिश पुत्र सगाराम कौम जाट नाम का अन्य कोई व्यक्ति ग्राम भाडा में निवास नही करता है।

अत: मौका जांच उपरान्त प्रार्थी का नाम हरिश पुत्र सगाराम के स्थान पर खेताराम पुत्र सगाराम शुद्ध किया जाना उचित है मौका फर्द मौके पर बनाई जाकर उपस्थित लोगो के हस्ताक्षर/अंगूठा निशान अंकित करवाये गये।

पटवारी (भू. अ.)
पटवार मण्डल सारला

अंगुठा सुखाराम

भागाराम

चौथाराम

लालाराम

सुखाराम

देवाराम

चुनाराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:29:02 IST
Reason: SelfAttested